१

# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 15/01/2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल<br>उपनिदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | प्रो0 योगेश जोशी<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | श्री दिनेश अग्रवाल<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा। (शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | श्री प्रदीप मिश्रा<br>सी0एम0डी0, रुद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | प्रो0 तपोव्रत लहरी<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशकं, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | श्री सुनील चौधरी<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | डा0 रिपुदमन सिंह<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | श्री अनिल कुमार<br>समन्वयक, एस0पी0एफ0यू0 लखनऊ। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 13. | श्री राजेश सिंह,<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 14. | डा0 नीरज कुमार सिंह,<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |



Scanned by CamScanner

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 योगेश सिंह,<br>कुलपति<br>दिल्ली टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी (डी0टी0यू0)<br>दिल्ली – 110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2. | प्रो0 राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य |

कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् बैठक में उपस्थित सदस्यों का कार्य परिषद् के सचिव द्वारा स्वागत किया गया और अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**12.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न कार्य परिषद् की 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**12.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया।

**12.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 08/01/2021 को सम्पन्न 10वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय विद्या परिषद् की दिनांक 08/01/2021 को सम्पन्न 10वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**12.04 डा0 विपिन कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग का निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर के रूप में कार्यकाल पूर्ण होने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने पूर्व में दिनांक 10/04/2018 को सम्पन्न कार्य परिषद् द्वितीय बैठक के मद सं0 2.09 में प्रदान किये गये निर्णय को संज्ञान में लिया और तद्क्रम में डा0 विपिन कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग को निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर के रूप में, अगले निदेशक के चयन होने तक या दिनांक 27/04/2021 तक कार्य करने पर अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned by CamScanner

12.05 **डा0 वी0के0 त्यागी, प्रोफेसर आयल टेक्नोलॉजी विभाग का निदेशक बुन्देलखण्ड इन्सटीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, झॉसी के रूप में कार्यकाल पूर्ण होने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने पूर्व में दिनांक 10/04/2018 को सम्पन्न कार्य परिषद् द्वितीय बैठक के मद सं0 2.09 में प्रदान किये गये निर्णय को संज्ञान में लिया और डा0 वी0के0 त्यागी, प्रोफेसर, आयल टेक0 विभाग को निदेशक, बी0आई0ई0टी0 झॉसी के रूप में, दिनांक 31/01/2021 तक एवं निदेशक का नियमित चयन हो जाने तक अथवा धारणाधिकार के समाप्त होने तक, कार्य करने पर अनुमोदन प्रदान किया।

12.06 **डा0 मनोज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग को प्रति–कुलपति का कार्य एवं दायित्व सौंपे जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने पूर्व में दिनांक 30/11/2019 को सम्पन्न कार्य परिषद् 8वीं बैठक के मद सं0 8.11.04 में प्रदान किये गये निर्णय को संज्ञान में लिया और कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा डा0 मनोज कुमार शुक्ल, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग के प्रति–कुलपति कार्यकाल विस्तारण को वर्तमान कुलपति के कार्यकाल तक किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

12.07 **विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रस्तुत प्रगति आख्या पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही अपेक्षा की गई कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार से अवशेष धनराशि प्राप्त करने हेतु शासन से समन्वय कर कार्यवाही सम्पादित की जाय।

12.08 **विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को परिषद के संज्ञानार्थ एवं कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना TEQIP-III की आवश्यकता अनुसार समय–समय पर कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा लिए गए निर्णयों से संज्ञानित होते हुये कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया एवं टेक्युप–।।। गाइड लाइन के अनुसार क्रय किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

12.09 **विश्वविद्यालय के उद्भवन हब परिषद् में कार्यकाल पूर्ण होने उपरान्त नये सदस्यों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उद्भवन हब परिषद् में कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त नये सदस्यों को कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा नामित किये जाने की कार्यवाही को संज्ञान में लिया।



Scanned by CamScanner

12.10 विश्वविद्यालय (पूर्ववर्ती संस्थान) का वर्ष 2021 में 100 वर्ष पूर्ण होने के दृष्टिगत शताब्दी वर्ष मनाये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद् द्वारा शताब्दी वर्ष के सम्बन्ध में निम्न निदेश दियेः

1. विश्वविद्यालय मुख्य भवन को 'हैरिटेज बिल्डिंग' का दर्जा दिलाये के प्रस्ताव पर निदेश दिये कि हैरिटेज बिल्डिंग घोषित होने पर बिल्डिंग का रखरखाव न हो सकेगा अतः उचित होगा कि शताब्दी वर्ष में मुख्य भवन को रंग रोगन/सौन्दर्यीकरण करा कर और दर्शनीय बनाया जाय। हैरिटेज बिल्डिंग के स्थान पर विश्वविद्यालय भवन को कानपुर नगर के दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु पर्यटन विभाग, उ0प्र0 से सहयोग प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की।
2. शताब्दी वर्ष में सभी विभाग अपनी स्थापना से अबतक के अपने प्रमुख एल्युमिनी एवं विभाग उपलब्धियों का प्रकाशन करें एवं विभागवार आन लाइन/आफ लाइन कार्यक्रय अयोजित करें।
3. विश्वविद्यालय मुख्य भवन की भव्यता बढाने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय की भॉति विश्वविद्यालय मुख्य भवन पर फसाड लाइट (Fasade Light) लगवाई जाय इस हेतु कानपुर नगर निगम/उ0प्र0 पर्यटन विभाग की सहायता प्राप्त की जाय।
4. स्थापना दिवस के अवसर पर मा0 राष्ट्रपति अथवा मा0 प्रधानमंत्री जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाय।
5. इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा संक्षिप्तिका का प्रशासन किया जाय।
6. एल्युमिनी द्वारा डिजिटल कैलेण्डर तैयार जाय।
7. एल्युमिनी एवं विश्वविद्यालय द्वारा पश्चिमी परिसर में मानव संसाधान विकास केन्द्र की स्थापना की जाय।
8. विश्वविद्यालय पूर्वी परिसर में शताब्दी स्तम्भ एवं पश्चिमी परिसर में भव्य शताब्दी प्रवेश द्वारा का निर्माण किया जाय।
9. एल्युमिनी एवं विश्वविद्यालय द्वारा एच0बी0टी0यू0 शताब्दी डाक टिकट, शताब्दी सिक्का जारी कराने का प्रयास किया जाय।
10. एल्युमिनी द्वारा विश्वविद्यालय इतिहास को समाविष्ट करते हुये 'हाल आफ फेम'/संग्रहालय का सृजन किया जाय।
11. एल्युमिनी एवं विश्वविद्यालय द्वारा काफी टेबल बुक का प्रकाशन किया जाय।

**12.11 विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के नामांकन हेतु राजभवन, उ0प्र0 प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावित नामों पर संस्तुति प्रदान की।

Scanned by CamScanner

12.12 विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में मा0 कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 द्वारा समाज के समाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु समाजसेवी को सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद् ने विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में समाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु समाजसेवियों को सम्मानित किये जाने पर सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की।

12.13 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner